आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 29.04.2026
समय 1830

<u>मुख्य समाचार :—</u>

- उत्तराखंड वन विकास निगम के ”रजत जयंती समारोह” में शामिल हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। कुमाऊं मंडल में भी निगम का कार्यालय खोलने की घोषणा की।
- हरिद्वार जिले के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज की अध्यक्षता में हुई जिला योजना समिति की बैठक। विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 67 करोड़ 35 लाख रुपए का बजट अनुमोदित।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कुम्भ मेला संबंधी निर्माण कार्यों के शासनादेश जारी न होने पर नाराजगी जताई। अगले तीन दिनों में शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह। बीते 10 दिनों में चार लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम पहुंचे।

<u>रजत जयंती/मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुमाऊं मंडल में भी वन विकास निगम का कार्यालय खोलने की घोषणा की है। श्री धामी उत्तराखंड वन विकास निगम स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज मुख्यमंत्री आवास में आयोजित ”रजत जयंती समारोह” को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मौन पालन को और बढ़ावा देने के लिए वन क्षेत्र में मधुमक्खी के बक्से लगाने का प्रस्ताव कैबिनेट में लाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विकास निगम, राज्य की अर्थव्यवस्था के साथ ही पारिस्थितिकी के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ”हिमकाष्ठ” मोबाइल एप्लीकेशन का लोकार्पण करते हुए कहा कि इससे वन विकास निगम से लकड़ी की बिक्री के साथ ही वन उत्पादों की ऑनलाइन नीलामी भी की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि निगम की आधुनिक ई—नीलामी प्रणाली और अन्य ऑनलाइन प्रक्रियाओं ने इस क्षेत्र में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने का काम किया है। ये डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में ‘‘अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और प्रौद्योगिकी’’ के बीच संतुलन स्थापित करते हुए आगे बढ़ रही है।

<u>जिला योजना/हरिद्वार</u>

हरिद्वार जिले के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना समिति की बैठक हुई। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 67 करोड़ 35 लाख रुपए का बजट अनुमोदित किया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कुल परिव्यय लगभग 15 प्रतिशत से अधिक धनराशि कृषि, उद्यान, पशुपालन सहकारिता, दुग्ध आदि से संबंधित रेखीय विभागों के लिए प्राविधानित की गई है।

प्रभारी मंत्री ने जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से समन्वय करते हुए धरातल पर कार्य करने के सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

क्षेत्र पंचायत बैठक

टिहरी जिले के प्रतापनगर में क्षेत्र पंचायत प्रमुख मनीषा पंवार की अध्यक्षता में आज बीडीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल सहित जनप्रतिनिधी और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, सड़क, पेयजल आदि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बीडीसी एक संवैधानिक निकाय है और यह स्थानीय समस्याओं को उठाने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने अधिकारियों को बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कुंभ बैठक

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज सचिवालय में कुम्भ मेला– 2027 की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों और अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों के शासनादेश जारी न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आपत्तियों का निराकरण कर अगले तीन दिनों में शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कुंभ मेले के लिए भूमि अधिग्रहण और भूमि आवंटन की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने और विभागों और संस्थानों को 30 जून तक भूमि आवंटित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने भूमि अधिग्रहण और आवंटन प्रक्रिया को कुम्भ मास्टर प्लान में शामिल करने के गढ़वाल आयुक्त को निर्देश दिए। साथ ही अनिवार्य रूप से कराये जाने वाले अस्थायी प्रकृति के कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र शुरू किए जाने पर बल दिया। मुख्य सचिव ने कुम्भ क्षेत्र और आसपास के जिलों में भी यातायात प्लान और पार्किंग सुविधाओं का विस्तार किए जाने के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेले के दौरान देश–विदेश से लाखों–करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसलिए कुम्भ क्षेत्र में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के लिए विशेष स्वच्छता योजना शीघ्र तैयार किए जाने की आवश्यकता है।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारु रूप से चल रही है। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र, देहरादून से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार चारों धाम के कपाट खुलने के बाद से बीते 10 दिनों में चार लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। सबसे ज्यादा केदारनाथ धाम में दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं, बदरीनाथ धाम में 85 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री पहुंचे। इसी तरह गंगोत्री में 58 हजार से अधिक और यमुनोत्री धाम में भी 58 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। राज्य सरकार ने तीर्थयात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं, ताकि उन्हें दर्शन के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके तहत यात्रा मार्गों सहित प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, पार्किंग तथा यातायात व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और व्यवस्थित किया गया है। राज्य सरकार ने यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध में भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वालों और गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं, ताकि यात्रा की पवित्रता व व्यवस्थाएं बनी रहें।

गोलज्यू यात्रा

गोलज्यू महाराज की भव्य रथ यात्रा के आज बागेश्वर नगर सीमा में प्रवेश करते ही स्थानीय लोगों ने पारंपरिक तरीके से यात्रा का स्वागत किया। महिलाओं और पुरुषों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धा व्यक्त की। वहीं ढोल, दमाऊ और हुड़का की थाप पर लोक कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे पूरा वातावरण जीवंत और उत्सवमय हो उठा। रथ यात्रा के गोलू मंदिर पहुँचने पर विधिवत पूजा–अर्चना की गई, जिसके बाद यात्रा अपने अगले पड़ाव कांडा के लिए रवाना हुई। आयोजक विजय भट्ट ने बताया कि यह यात्रा कुल 20 दिनों तक चलेगी और कुमाऊँ और गढ़वाल के विभिन्न प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगी। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य गोलज्यू महाराज के न्याय और सत्य के संदेश को जन–जन तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा कुमाऊं और गढ़वाल दोनों क्षेत्रों की सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करती है।